# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

## 16/07/19

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

**Dainik Bhaskar (Pali,Raj.)**

# लांबिया में सुबह फ्लैग मार्च निकाला, थोड़ी देर बाद हार्डवेयर दुकान से 22 हजार रु. लूटे

## दुकानदार बेटे को बैठाकर घर गया था, दो युवक छीनकर ले गए रुपए

भास्कर न्यूज | जैतारण/लांबिया

आनन्दपुर कालू थाना क्षेत्र के लाम्बिया गांव में हार्डवेयर दुकान से बाइक सवार लुटेरे 22 हजार लूटकर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार लाम्बिया गांव में मुख्य सड़क पर स्थित हार्डवेयर की दुकान का मालिक राजू शर्मा दोपहर को खाना खाने के लिए घर गया। पीछे से दुकान पर 16 वर्षीय लड़का बैठा था।

उस वक्त बाइक पर सवार दो युवक आए व कलर का डिब्बा मांगा। उस वक्त लड़के ने दुकान से कलर का डिब्बा निकाल कर दिया। उस वक्त एक युवक ने जेब से दो हजार का नोट निकाल लड़के को दिया। खुल्ले पैसे नहीं होने पर लड़के ने दुकान का गल्ला खोलकर पैसे देने लगा। उस वक्त युवक को दुकान में पड़े रुपए देखकर लड़के के हाथ से छीनकर भागने लगे। लड़के ने रुपए अपने हाथ में कस कर पकड़ लिए, लेकिन युवकों ने लड़के को धक्का देकर दुकान से 22 हजार लेकर फरार हो गए। गांव में दोपहर में लूट की घटना से हडकंप मच गया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।



लांबिया गांव के मुख्य मार्गों से आनन्दपुर कालू थाना पुलिस के साथ रेपिड एक्शन फोर्स के जवानों द्वारा कानून व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च किया गया।

**मुख्य चौराहों पर लगे कैमरे बंद :** गांव में लूट की घटना के बाद मुख्य चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज खंगाला, लेकिन कैमरे बंद होने के कारण घटना को लेकर पुलिस को कोई ठोस सुराग नहीं लग पाया।

**Prabhat Khabar (Deoghar,JKD.)**

# कर्तव्य में कोताही बरती तो होगी कार्रवाई

## मेला में श्रद्धालुओं को **बेहतर सुरक्षा व्यवस्था** उपलब्ध कराने को एसपी ने ली पुलिस पदाधिकारियों की बैठक

**श्रावणी मेला एक दिन बाद**



बैठक में उपस्थित पुलिस पदाधिकारीगण • जागरण



डीएसपी एवं इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों संग बैठक करते एसपी नरेन्द्र कुमार सिंह • जागरण

**जागरण संवाददाता, देवघर :** श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने को लेकर शनिवार को सूचना भवन के सभागार में पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। इसमें डीएसपी, इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से पिछले वर्ष में श्रावणी मेला के दौरान उमड़ने वाली भीड़ और उसे नियंत्रण करने के बारे में विस्तार से बताया गया। एसपी ने प्रतिनियुक्त स्थल पर तैनात सभी डीएसपी व इंस्पेक्टर को दोस्ताना व्यवहार करते हुए कर्तव्य का पालन करने का निर्देश दिया। वहीं रूट लाइन में होने वाली हर गतिविधियों पर विशेष निगाह बनाने रखने को कहा। ताकि विधि व्यवस्था संधारण में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। एसपी ने प्रतिनियुक्त रैफ (आरएएफ) व एसएसबी के जवानों को उनके डिप्टी कमांडेंट व एसएसबी के डिप्टी कमांडेंट के निर्देश के अनुसार मेला क्षेत्र में कार्य करने का निर्देश दिया। एनडीआरएफ को टीम को अलर्ट मोड में रहने को कहा। स्पष्ट शब्दों में कोताही नहीं बरतने का सलाह दिया। एसपी ने अनुशासन तोड़ने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दिया। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैनात एटीएस की टीम को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

DEAL
GET 1 FREE
FREE

**एनडीआरएफ शिवगंगा में संभालेगा मोर्चा :** इस दौरान एसपी ने बताया कि मेला क्षेत्र में कुल 11 ट्रैफिक ओपी बनाया गया है। इसका प्रभार डीएसपी रैंक के अधिकारी को दिया गया है। बताया कि मेला के दौरान एक अतिरिक्त 01 डीएसपी, 33 इंस्पेक्टर, 444 एएसआई व एसआई एवं 1422 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के उद्देश्य से मेला क्षेत्र में कुल 21 पुलिस ओपी भी बनाये गये हैं। साथ ही एनडीआरएफ की टीम को शिवगंगा में मोर्चा संभालेगी। इसके अलावा एनडीआरएफ की टीम, रैफ की टीम, एसएसबी की पूरी कंपनी, एटीएस की दो यूनिट, जेजे (झारखंड जगुआर) की एक पूरी यूनिट, बम स्क्वाइड और श्वान निपटने के लिए एनडीआरएफ के टीम को प्रतिनियुक्त किया जाएगा। मौके पर एसडीपीओ विकास कुमार श्रीवास्तव, साइबर डीएसपी नेहा बाला, सीसीआर डीएसपी अजय कुमार सिन्हा, मुख्यालय डीएसपी सहित सभी डीएसपी व इंस्पेक्टर व अन्य मौजूद थे।

**कहां किसको किया गया तैनात :** मेला के दौरान के दौरान अस्थायी ओपी व यातायात ओपी में पुलिस अधिकारियों को तैनात कर दिया गया है। इसमें दुम्मा (ओपी-1) में पुलिस उपाधीक्षक मुकेश कुमार महतो, सोमनाथ भवन (ओपी-2) में इंस्पेक्टर भीम प्रसाद सिंह, सरसनी (ओपी-3) में इंस्पेक्टर अनूप बोंगी केरकेट्टा, खिजुरिया (ओपी-4) में इंस्पेक्टर सुदामा चौधरी, हिन्दी विद्यापीठ (ओपी-5) में डीएसपी परशुराम प्रसाद, शिवगंगा (ओपी-6) में पुलिस उपाधीक्षक अभिषेक कुमार, बाबा मंदिर (ओपी-7) में डीएसपी वशिष्ठ नारायण सिंह व मंगल सिंह जामुदा, क्यू कंपलेक्स (ओपी-8) में ... में डीएसपी अमित कुमार कच्छप व भगवान दास, जलसार (ओपी-10) में डीएसपी जोखु राम व अलबिनुस बाड़ा, बीएड कॉलेज (ओपी-11) में डीएसपी रविकांत भूषण व अशोक कुमार सिंह, बरमसिया (ओपी-12) में डीएसपी अजय केरकेट्टा व केदार नाथ राम, कुमैठा धाँय रोड (ओपी-13) में डीएसपी प्रदीप पाल कच्छप, नंदन पहाड़ (ओपी-14) डीएसपी अजय कुमार-2, नंदन पहाड़ सर्किल (ओपी-15) में पुलिस उपाधीक्षक पवन कुमार, सिंघवा (ओपी-16) में डीएसपी अनिल कुमार सिन्हा, रेलवे ओवर ब्रिज (ओपी-17) में पुलिस उपाधीक्षक बबन सिंह, चमारडीह (ओपी-18) में डीएसपी शशिकांत सुधांशु कुजूर, कुमैठा (ओपी-19) में डीएसपी राजीव कुमार, बेलाबगान (ओपी-20) में पुलिस उपाधीक्षक महेश्वरी प्रसाद, त्रिकुट पहाड़ (ओपी-21) में इंस्पेक्टर चक्रधर बोदरा को प्रतिनियुक्त किया गया है। इसके अलावा यातायात कोठिया (ओपी-1) में ... 2) में डीएसपी राकेश रंजन, घोरमारा (ओपी-3) में डीएसपी कपिन्दर उरांव, हथगढ़ (ओपी-4) में डीएसपी अनिल कुमार, सत्संग (ओपी-5) में डीएसपी निशा मुर्मू, नगर पुस्तकालय (ओपी-6) में डीएसपी फैज अक्रम, राय एंड कंपनी (ओपी-7) में डीएसपी आद्रियानुस केरकेट्टा, रिखिया (ओपी-8) में डीएसपी मो. आमिर हुसैन, दर्दमारा (ओपी-9) में डीएसपी भुपेन्द्र राउत, रोहिणी (ओपी-10) में डीएसपी दिनेश मुर्मू, चौधरीडीह (ओपी-11) में एसआई बुधदेव खड़िया को प्रतिनियुक्त किया गया है। इसके अलावा जिला नियंत्रण कक्ष में पुलिस उपाधीक्षक गदाधर चौबे व बिरेन्द्र बाड़ा, उमा भवन में डीएसपी हैलेन सांय, बाबा मंदिर निकास द्वार पर डीएसपी अनिल शंकर, मंदिर के सभी प्रवेश द्वार के वरीय प्रभारी के रूप में डीएसपी सिप्रियन बागे, पार्वती मंदिर में डीएसपी पूनम मिंज, संस्कार मंडल के उपरी तल्ला पर डीएसपी राजेन्द्र सिंह, संस्कार मंडप के निचली तल्ला में ...



मेला ड्यूटी में लगे रैफ के जवान.

Hindustan (Prayagraj,UP.)

# फ्लैग मार्च कर दिलाया सुरक्षा का एहसास

संसू, गजाधरपुर( बहराइच ) : फखरपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पुलिस व आरएएफ (रैपिड एक्शन फोर्स) के जवानों ने रविवार को फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया।

फखरपुर कस्बे में वाहनों से फ्लैग मार्च निकाला गया। इसके बाद गजाधरपुर चौराहा, कुड़ासपारा, वजीरगंज, कुंडासर के मुख्य मार्गों पर जवान पहुंचे। एसओ ओमप्रकाश चौहान ने बताया कि सावन में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह फ्लैग मार्च निकाला गया है। उन्होंने बताया कि कांवड़ियों को किसी भी प्रकाश की असुविधा नहीं होने दी जाएगी।

## चौकसी

- पुलिस व आरएएफ ने संयुक्त रूप से चलाया अभियान
- शांति व्यवस्था के साथ किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं

अराजक तत्वों को चिह्नित कर उन पर कार्रवाई होगी। शांति व्यवस्था के साथ किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस मौके पर दारोगा अवधराज, अरुण कुमार, फिरोज अहमद, अरविंद कुमार समेत पुलिस कर्मी व आरएएफ के जवान मौजूद रहे।



फखरपुर थाना क्षेत्र के गजाधरपुर में फ्लैग मार्च करते आरएएफ व पुलिस के जवान

को यात्रा में असुविधा न हो इसके लिए रोड डायवर्जन का कड़ाई से अनुपालन करना होगा। एएसपी शहर अजय प्रताप, ग्रामीण एएसपी रवींद्र सिंह, सीआ महसी शंकर प्रसाद ,सीओ नानपारा अरुण चंद्र, सीओ पयागपुर नरेश सिंह, सीओ कैसरगंज टीपी द्विवेदी समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## Photos of Deployment/ Fam-Ex /Cycle Expedition By RAF







**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**